## संपादकीय

# बारिश से जन-जीवन अस्त-व्यस्त

राजधानी दिल्ली में बारिश ने 88 वर्षो का रिकॉर्ड तोड़ते हुए जन-जीवन बुरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

अगले सात दिन तेज वष्रा की संभावनाएं जताई जा रही हैं। भारी बारिश के कारण न्यूनतम तापमान में भी काफी गिरावट आई है। मगर कई इलाकों में जल-भराव के चलते दिल्ली के सारे विकास की हालत पस्त हो गई है।

मानसून आगमन के कारण हुई तीन घंटों तक मूसलाधार बरसात के कारण दिल्ली हवाई अड्डे में छत का एक हिस्सा गिरने से एक वाहन चालक की मौत हो गई। साथ ही, अन्य संबंधित घटनाओं में भी सात अन्य लोगों की अलग-अलग मौत हो गई। पुलिस अभी पोस्ट मार्टम रिपोर्ट के इंतजार में है।

भीषण गर्मी के मार झेल रहे दिल्ली वाले मानसून के बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। मगर सामान्य से दो दिन पूर्व हुई इस जबरदस्त बरसात ने रहवासियों को बुरी तरह भयभीत कर दिया है। मोहल्ले और बस्तियां ही पानी में नहीं डूबी हैं, बल्कि कई अति व्यस्त अंडरपास भी बरसात के पानी से लबालब भर गए।

समूची दिल्ली ट्रैफिक जाम के चलते थम सी गई। यह कोई पहली बार नहीं है, जब दिल्लीवासियों को जल भराव जैसी समस्या से जूझना पड़ रहा है। हर साल राज्य सरकार का तंत्र घोर लापरवाही करता रहता है और अंत में केंद्र सरकार पर सारा ठीकरा फोडक़र अपने ढे पर चल पड़ता है।

दिल्ली ही नहीं, प्राकृतिक आपदाओं के चलते प्रति वर्ष देश भर में जनता को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सैकड़ों मौते होती हैं, और जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। सिर्फ चमचमाती सडक़ों, फ्लाईओवरों और दमकती रोशनी को विकास का पर्याय नहीं माना जा सकता।

बल्कि पानी की उचित निकासी और बरसाती पानी के भंडारण की सटीक व्यवस्था की जरूरत ज्यादा है। दरअसल, यह दिल्ली की ही समस्या नहीं है, बल्कि देश के तमाम बड़े शहरों और महानगरों में बारिश होते ही सवाल उठते लगते हैं कि हमारे विकास में क्या खामियां हैं, जो एक ही बारिश में शहर पानी-पानी हो जाते हैं।

बरसात में लोगों की परेशानी पर किसी को तो जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। केंद्र की भी जिम्मेदारी है कि मौसम की मार से जनता को बचाने की पूर्व तैयारियों पर जोर दे। राज्य सरकारों को भी सख्ती से मुस्तैद रहने की नसीहतें दी जाएं।

# पूर्व मध्य रेलवे ने रिकॉर्ड 51.61 मिलियन टन का किया लदान, पहले स्थान पर धनबाद मंडल

हाजीपुर



पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रैल से जून तक) में रिकॉर्ड 51.61 मिलियन टन का माल लदान किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में किए गए माल लदान 48.18 मिलियन टन की तुलना में 7.12 प्रतिशत अधिक है।

पूर्व मध्य रेलवे 51.61 मिलियन टन माल लदान (लोडिंग) के साथ भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में प्रथम तिमाही में किए गए माल लदान के मामले में चौथे स्थान पर रहा।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि प्रथम तिमाही में गेहूं एवं मक्के की लोडिंग के मामले में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल से जून तक गेहूं की 37 रेक लोड की गई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में लोड किए गए 15 रेक की तुलना में 146.67 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह अप्रैल से जून 2024 तक मक्के की 317 रेक लोड की गई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में लोड किए गए 152 रेक की तुलना में 109 प्रतिशत अधिक है।

उन्होंने बताया कि पूर्व मध्य रेलवे को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में किए गए माल ढुलाई से कुल 6,789.98 करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है। यह आय पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में माल ढुलाई से प्राप्त प्रारंभिक आय 6,353.05 करोड़ रुपये की तुलना में 6.88 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान धनबाद मंडल का लदान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा।

धनबाद मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में रिकॉर्ड 48.71 मिलियन टन का लदान किया गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में किए गए लदान 46.03 मिलियन टन की तुलना में 5.82 प्रतिशत अधिक है।

धनबाद मंडल को प्रथम तिमाही में किए गए माल ढुलाई से कुल 6,777.31 करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है। यह आय पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में माल ढुलाई से प्राप्त प्रारंभिक आय 6,463.30 करोड़ रुपये की तुलना में 4.86 प्रतिशत अधिक है। माल लदान के साथ धनबाद मंडल भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम तिमाही में किए गए माल लदान के मामले में प्रथम स्थान पर रहा।

# हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ सेबी का एक्शन, जारी किया कारण बताओ नोटिस



नई दिल्ली

अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने वर्ष 2023 में एक रिपोर्ट जारी की थी। इस रिपोर्ट में उसने अदाणी ग्रुप पर स्टॉक मैनिपुलेशन से लेकर मनी लॉन्ड्रिंग जैसे कई आरोप लगाए थे। हालांकि, 2023 के अंत में अदाणी ग्रुप को इन आरोपों से छुटकारा मिल गया था। अब भारत के मार्केट रेगुलेटर सेबी ने अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च के खिलाफ एक्शन लिया है। सेबी ने अमेरिकी फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च को कारण बताओ नोटिस भेजा है।

सेबी द्वारा मिले नोटिस पर फर्म ने रिएक्ट किया और 1 जुलाई को पब्लिश अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि सेबी ने नोटिस में कहा गया है कि हमने नियमों का उल्लंघन किया है। दरअसल, सेबी ने आरोप लगाया है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में कुछ गलत बयान शामिल थे जिससे पाठक गुमराह हुए। हिंडनबर्ग ने कारण बताओ नोटिस को बकवास और पूर्व निर्धारित उद्देश्य की पूर्ति के लिए मनगढ़ंत करार दिया।

हिंडनबर्ग ने अपने ब्लॉग पोस्ट में कहा कि हमारे विचार से सेबी की जिम्मेदारी निवेशकों की रक्षा करना है, जबकि सेबी धोखाधड़ी करने वालों की रक्षा कर रहा है। इसके आगे फर्म ने कहा कि भारतीय बाजार के सूत्रों के साथ हमारी चर्चा हुई थी और हमने पाया कि हमारी रिपोर्ट पब्लिश होने के बाद सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने अदाणी ग्रुप की सहायता करना शुरू कर दिया था।


# संन्यास के बाद जेम्स एंडरसन बनेंगे इंग्लिश टीम के गेंदबाजी मेंटर

नईदिल्ली

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 10 जुलाई से शुरू होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। वह पहले ही ये ऐलान कर चुके हैं।इस बीच खबर ये है कि एंडरसन संन्यास के बाद इंग्लिश टीम के साथ मेंटर के रूप में जुड़ेंगे। वह इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी के गुर सिखाएंगे। इंग्लैंड के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, लॉर्ड्स टेस्ट के बाद जिमी हमारे साथ बने रहेंगे और एक मेंटर के रूप में हमारी मदद करेंगे। उनके पास इंग्लिश क्रिकेट को देने के लिए बहुत कुछ है। हम नहीं चाहते कि यह खत्म हो जाए। उनके पास बहुत सारे विकल्प होंगे। अगर वे खेल में बने रहना चुनते हैं तो इंग्लिश क्रिकेट बहुत भाग्यशाली होगा। एंडरसन इस समय काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के खिलाफ लंकाशायर के लिए खेल रहे हैं, लेकिन उनका प्रथम श्रेणी का भविष्य अनिश्चित है।

# भारतीय शेयर बाजार ऑल टाइम हाई पर खुला, आईटी शेयरों में खरीदारी

मुंबई



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में तेजी के साथ खुला है। शुरुआती कारोबार में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमश: 79,855 और 24,236 का नया ऑल टाइम हाई बनाया।

आईटी शेयरों में खरीदारी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स पैक में विप्रो, एचसीएल टेक, टीसीएस, भारती एयरटेल और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स हैं।

सुबह 9:25 तक, सेंसेक्स 175 अंक या 0.22 प्रतिशत बढक़र 79,651 और निफ्टी 45 अंक या 0.19 प्रतिशत बढक़र 24,187 पर है।

छोटे और मझोले स्टॉक्स में लार्जकैप की अपेक्षा सुस्ती नजर आ रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 36 अंक या 0.06 प्रतिशत बढक़र 56,329 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 60 अंक या 0.32 प्रतिशत बढक़र 18,653 पर है। आईटी के अलावा रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में भी तेजी है।

इसके अलावा ऑटो और हेल्थकेयर इंडेक्स पर दबाव बना हुआ है।

एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग और जकार्ता के बाजारों में तेजी है। बैंकॉक और सोल के बाजार लाल निशान में हैं।

कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 86.81 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 83.52 डॉलर प्रति बैरल पर खुला।

चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट देवेन मेहता का कहना है कि निफ्टी में 24,100 एक सपोर्ट लेवल के रूप में काम करेगा। वहीं, 24,200 एक रुकावट का स्तर होगा। अगर निफ्टी 24,100 को तोड़ता है तो यह 24,000 और 23,950 को छू सकता है। वहीं, निफ्टी अगर 24,200 को तोड़ता है तो 24,300

# जिम्बाब्वे बनाम भारत: टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज से जुड़ी सभी जानकारी और आंकड़े

नईदिल्ली



टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे का दौरा करने के लिए तैयार है।दोनों देशों के बीच 6 जुलाई से 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी।इसमें भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में होगी और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम का नेतृत्व सिकंदर रजा करेंगे। सीरीज से भारतीय टीम से प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।आइए सीरीज से जुड़ी सभी जानकारी और आंकड़ों पर नजर डालते हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में भाग लेने के लिए जुलाई के पहले सप्ताह में हरारे का दौरा करेगी।सीरीज के 5 मैच क्रमश: 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जाएंगे। ये सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर ही खेले जाएंगे।विशेष रूप से इन सभी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शुरुआत भारतीय समयानुसार शाम 4:30 बजे से होगी।

जिम्बाब्वे के दौरे के लिए अभिषेक शर्मा, रियान पराग, तुषार देशपांडे और ध्रुव जुरेल को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इन सभी ने इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया था।भारतीय टीम: शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, शिवम दुबे, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार और तुषार देशपांडे।

जिम्बाब्वे के चयनकर्ताओं ने कुछ कड़े फैसले लिए हैं और क्रेग एर्विन और सीन विलियम्स जैसे खिलाड़ियों को बाहर कर दिया है। अंतुम नकवी को पहली बार टीम में शामिल किया गया है।जिम्बाब्वे टीम: सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जॉनाथन कैंपबेल, तेंडाई चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट कैया, क्लाइव मदांडे, वेसली मधेवेरे, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्ज़ा, ब्रैंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायोन मायर्स, अंतुम नकवी, रिचर्ड नगारवा और मिल्टन शुम्बा।

# रितेश देशमुख की पहली वेब सीरीज पिल का ट्रेलर जारी, खोलेंगे फार्मा कंपनी के धंधे की पोल




रितेश देशमुख बॉलीवुड के एक ऐसे अभिनेता हैं, जो किसी भी किरदार में जान फूंकना बखूबी जानते हैं। कॉमेडी हो या फिर नेगेटिव रोल उनकी हर भूमिका लोगों को काफी पसंद आती है। बिग स्क्रीन के बाद अब वह धीरे-धीरे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी अपनी पकड़ मजबूत कर रहे हैं।

उनकी साल 2022 में प्लान ए-प्लान बी नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद अब वह वेब सीरीज में भी अपना डेब्यू कर रहे हैं। रितेश एक बार फिर से पिल के साथ फिर दर्शकों के बीच ओटीटी प्लेटफॉर्म पर लौट रहे हैं, जिसका धमाकेदार ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया है।

रितेश देशमुख के आगामी प्रोजेक्ट की कहानी उनकी पिछली फिल्मों से बिल्कुल हटकर है। पिल का 1 मिनट 50 सेकंड का ये ट्रेलर वाकई शानदार है। रितेश देशमुख ने इस सीरीज में डॉ प्रकाश चौहान का किरदार अदा कर रहे हैं, जो कंपनी का डिप्टी मेडिसिन कंट्रोलर है।

इस ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया गया है कि कैसे दवाई के गोरखधंधे का जाल बहुत-बहुत दूर-दूर तक फैला हुआ है। कुछ ऐसी कंपनी हैं, जो लंका की तरह हैं और उस पर अंकुश लगाने के लिए एक रामनगरी बनी हुई जो है मेडिसिन अथॉरिटी ऑफ इंडिया। इस छोटी सी झलक में एक सच्चाई उगाजर की गयी है कि कैसे एक फार्मा कंपनी की बनी दवाइयां खाकर कुछ लोगों की मौत हो रही है और कुछ लोग बीमार पड़ रहे हैं।

# गुरमीत चौधरी की वेब सीरीज कमांडर करण सक्सेना का ट्रेलर जारी, एक्शन अवतार में नजर आए अभिनेता




टीवी इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग का जलवा दिखाने के बाद एक्टर गुरमीत चौधरी अब ओटीटी पर एक्शन अवतार में नजर आएंगे। उनकी अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज कमांडर करण सक्सेना का ट्रेलर रिलीज हुआ।

ट्रेलर में उनका किरदार रॉ एजेंट करण सक्सेना का है, जो देशभक्त है और भारत को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। वहीं, इकबाल खान विलेन के रोल में हैं। उन्होंने आईएसआई चीफ नासिर का किरदार निभाया है।

सीरीज के बारे में गुरमीत चौधरी ने कहा, कमांडर करण सक्सेना मेरे लिए बेहद खास है। मैं उन सभी अधिकारियों की दिल से तारीफ करता हूं, जो देश की जी जान से सेवा करते हैं। इन हीरो से प्रेरित एक किरदार को निभाना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। सीरीज में मेरा किरदार करण देश के प्रति समर्पित है।

# पुर्तगाल ने पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर यूरो कप के क्वार्टर फाइनल में मारी एंट्री

फ्रैंकफर्ट



क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरो 2024 के राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल को यूरो 2024 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

पुर्तगाल ने सोमवार को यूरो 2024 में पेनल्टी शूटआउट से स्लोवेनिया को 3-0 से हराया। यह एक रोमांचक मुकाबला रहा।

इस मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों टीम गोल नहीं कर पाई, इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में भी स्कोर 0-0 रहा। हालांकि, रोनाल्डो के पास एक बड़ा मौका था लेकिन वो पेनल्टी चूक गए। इसके बाद यह स्टार खिलाड़ी काफी निराश नजर आया। लेकिन शूटआउट में उन्होंने पहला पेनल्टी स्कोर कर टीम को मजबूत शुरुआत दी।

वहीं, पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने लगातार तीन गोल बचाए, जिससे पुर्तगाल ने स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

पुर्तगाल का सामना अगले दौर में टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम फ्रांस से होगा, जिसने सोमवार को बेल्जियम को 1-0 से हराया था।

कोस्टा, इस रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल के लिए हीरो रहे। उन्होंने जोसिप इलिसिक, जुरे बाल्कोवेक और बेंजामिन वर्बिक की लगातार तीन पेनल्टी शॉट बचाई।

इस बीच, उनके साथी रोनाल्डो, ब्रूनो फर्नांडीस और बर्नार्डो सिल्वा ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल की 3-0 से जीत सुनिश्चित हुई और क्वार्टर फाइनल में जगह बनी।

24 वर्षीय कोस्टा ने मैच के बाद कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच हो सकता है। मैंने मैदान पर अपना बेस्ट दिया है। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान खुद पर भरोसा रखा।

रिपोर्ट के अनुसार, पेनल्टी शूटआउट में अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा, कोस्टा ने एक्स्ट्रा टाइम के अंतिम चरण में एक महत्वपूर्ण बचाव किया था।

## आज का राशिफल

**मेष-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आपको निजात मिलेगी। आज आपके चतुराई और योग्यता की सराहना होगी। आज आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना है।

**वृष-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज दिन भर भागा-दौड़ की स्थिति रहेगी लेकिन कार्य सुचारू रूप से बनते जाएंगे। सिर्फ सूझबूझ और कुशलता से अपने कार्यों को करने की जरुरत है।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपको किसी कार्य को लेकर की गई मेहनत का अनुकूल परिणाम मिलने वाला है। घर में कोई धार्मिक कार्य संपन्न हो सकता है। किसी भी नए निवेश के बारे में प्लान करें आपको अच्छा लाभ हो सकता है।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी समारोह में शामिल होंगे आपकी उपस्थिति को महत्त्व मिलेगा। पहले से चल रही किसी समस्या से राहत मिल सकती है।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक जिम्मेदारियां और काम का बोझ रहेगा। आज आपको आलस करने से बचना चाहिए। कार्यस्थल पर गंभीरता और ईमानदारी से अपने कार्यों को पूरा करने में लगे रहेंगे।

**कन्या-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने बड़े भाई से प्रोपर्टी से रिलेटेड कोई बात करेंगे और फाइनेंस सम्बंधित कुछ योजनाएं बनेगी। अगर कोई कानूनी समस्या चल रही है तो आज उसका समाधान मिल सकता है।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको कोई उपलब्धि हासिल होगी, लोग आपको बधाई देंगे। आज आपका व्यापारिक दृष्टिकोण हर परिस्थिति में सामंजस्य बनाए रखने में मदद करेगा।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज किसी भी स्थिति में घबराने की बजाय उसका समाधान ढूंढे तो जल्दी ही हल मिलेगा। आज आप नया वाहन खरीदने का मन बनायेंगे।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक स्थित मजबूत बनी रहेगी आप सामान की खरीददारी करने मार्केट जा सकते हैं। आज का दिन पारिवारिक सुख-शांति में वृद्धि लेकर आएगा।

**मकर-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन पारिवारिक सुखों में वृद्धि लेकर आएगा। युवाओं को अपनी नौकरी से संबंधित किसी क्षेत्र में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज प्रोजेक्ट कार्य में आपको अपने जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपका कार्य करने का और सफलता हासिल करने का जुनून आपको कामयाबी देगा।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर किसी पॉलिसी में निवेश करने की योजना बन रही है, तो दिन शुभ है। ये निवेश आने वाले दिनों में बेहतर फायदा देने वाला रहेगा।

# कल्कि 2898 एडी की बॉक्स ऑफिस पर सुनामी, हिंदी भाषा में 100 करोड़ तो वर्ल्डवाइड 500 करोड़ का आंकड़ा पार



प्रभास स्टारर माइथोलॉजी और साइंस फिक्शन फिल्म कल्कि 2898 एडी की सुनामी बॉक्स ऑफिस पर जारी है. प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन स्टारर फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कहर ढा दिया है. कल्कि 2898 एडी बीती 27 जून को रिलीज हुई थी. बीती 30 जून को कल्कि 2898 एडी ने अपना पहला वीकेंड खत्म किया है.

प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी ने चौथे दिन वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 140 करोड़ रुपये बटोरे हैं. संडे को कल्कि 2898 एडी का कलेक्शन जबरदस्त रहा है. इसी के साथ फिल्म ने अपने चार दिनों के ओपनिंग वीकेंड पर 555 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. वहीं, फिल्म की तीन दिनों कमाई की बात करें इसने 415 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड कमाए थे. वर

इधर, घरेलू सिनेमा पर भी कल्कि 2898 एडी का तूफान जारी है. फिल्म ने चार दिनों में भारत में 115 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. फिल्म लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है. वहीं, फिल्म ने अपने वीकेंड वर्ल्डवाइड कलेक्शन से भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में बाहुबली 2, दंगल, आरआरआर, केजीएफ 2, जवान, पठान, सालार, साहो को पीछे छोड़ दिया है.

बता दें, कल्कि 2898 एडी साल 2024 की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली और पहली 500 करोड़ फिल्म बन गई है. साउथ सिनेमा से अबतक सबसे ज्यादा 300 करोड़ हनु-मैन और बॉलीवुड फिल्म फाइटर 352 करोड़ रुपये की कमाई की थी.

वहीं, फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में रिकॉर्ड तोड़ एडवांस बुकिंग कर कमाई का अंबार लगा दिया है. कल्कि 2898 एडी ने 11 मिलियन यूएस डॉलर (90 करोड़ की कमाई कर ली है.

# शब्द सामर्थ्य- 106

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुप्तबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रात:, सबेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | | प | स | | |
| जा | त | | थ | प | थ | पा | ना | |
| य | र | का | नी | | भ्र | | र | श्मि |
| ब | घा | र | | क | ष्ट | प्र | द | |
| | त | ना | त | नी | | र्व | | ब |
| अ | | मा | | ज | मा | त | | ल |
| स | जा | | | | | क | ज | रा |
| बा | | बे | स | हा | रा | | ग | म |
| ब | गु | ला | | रा | ज | दू | त | |

# सू-दोकू- 106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.105 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |